# वार्षिक प्रतिवेदन 2018-19

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खरखौदा के प्रथम वार्षिक दीक्षांत एवं पारितोषिक वितरण समारोह के इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हमारे बीच डॉ. वीरेन्द्र सिंह आंतिल प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, जटोली हेली मण्डी, गुरुग्राम उपस्थित है। सम्मानित प्रबुध्द अतिथिगण इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया से आए पत्रकार साथी, सहयोगी प्राध्यापक वृन्द एवं कर्मठ कर्मचारी वर्ग व प्रिय विद्यार्थियों मै प्राचार्या डॉ सुमन दहिया आप सब का यहाँ पधारने पर हार्दिक स्वागत करती हूँ।

मान्यवर, मुख्य अतिथि महोदय आप जैसे सुसंस्कृत प्रख्यात शिक्षाविद जनकल्याण में रुचि रखने वाले व्यक्तित्व के स्वामी को महाविद्यालय परिवार अपने बीच पाकर गौरव का अनुभव कर रही हूँ। महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पुर आपका संक्षित परिचय देंना मैं अपना पुनित कर्तव्य समझती हूँ।

आपका जन्म 25 अक्टूबर1965 को जिला सोनीपत के खेवड़ा गाँव में हुआ। आपके पिताजी दिल्ली में शारीरिक शिक्षा के अध्यापक व माता जी मुख्याध्यापिका थी। आपकी मैट्रिक तक की शिक्षा गर्वमेंट हाई स्कूल खेवड़ा से हुई। आपने स्नातक की शिक्षा महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक  से सम्बद्ध CRA कॉलेज से की व 1985 में डिग्री प्राप्त की। अपने विद्यार्थी जीवन  में 1986 में CRA कॉलेज में विद्यार्थी यूनियन सेक्रटेरी रहे है। आपने स्नातकोत्तर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से 1988 में पास की। आपने गणित में P.hd कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र से हासिल की। आपने 1990 में राजकीय महाविद्यालय आदमपुर से शिक्षण कार्य की शरूआत की। इसके बाद आपने राजकीय महाविद्यालय गोहाना, भिवानी, गुरूग्राम (सेक्टर 14) में भी अपनी सेवाएँ प्रदान की।

आपने राजकीय महाविद्यालय जटौली हेली मण्डी, गुरुग्राम में अक्टूबर 2018 में प्राचार्य पद पर कार्यभार संभाला । आपने अपने 28 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में शिक्षा के सभी पहलूओं को देखा, समझा व विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल बने रहे। शिक्षा के हर क्षेत्र में आपका योगदान सराहनीय रहा है। सांस्कृतिक गतिविधियों में आपका योगदान अत्यन्त महत्वपूर्ण व विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक रहा है। खेल जगत में भी आपने विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने का सराहनीय कार्य किया है।

मैं आपका व अन्य सभी अतिथियों का अपने महाविद्यालय में पुनः स्वागत करती हूँ।

## महाविद्यालय इतिहास

शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पिपली खरखौदा के भवन का शिलान्यास तत्कालीन मुख्यमंत्रीश्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के कर–कमलों द्वारा श्रीमती गीता भुक्क्ल तत्कालीन शिक्षा मंत्री, हरियाणा की अध्यक्षता एवं श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा सांसद, लोकसभा, रोहतक, श्री जितेन्द्र मलिक सांसद, लोकसभा सोनीपत, श्री राव दान सिंह तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, शिक्षा विभाग, हरियाणा व श्री जयवीर सिंह, तत्कालीन मुख्य संसदीय सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरियाणा की गरिमामयी उपस्थिति में दिनांक 03 फरवरी 2013 रविवार को सम्पन्न हुआ ।

## भवन निर्माण

उन्नतशील शिक्षा समिति खरखौदा की देख-रेख में महाविद्यालय के दो मंज़िला भवन का भव्य निर्माण करवाया गया । इस भवन में प्राचार्या कार्यालय , स्टाफरूम, कार्यालय, 2 लघु सेमिनार कक्ष, शिक्षण कक्ष, महिला प्रकोष्ठ कक्ष, विशाल बहु उददेशीय कक्ष, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, भाषा लैब, 2 भूगोल लैब, एक मनोविज्ञान लैब, एक रक्षा अध्ययन लैब, 1 स्मार्ट कक्ष, छात्र- छात्राएँ कॉमन रूम सहित कुल 22 कमरे है।

## महाविद्यालय परिवार

हमारे महाविद्यालय में 16 प्राध्यापक/प्राध्यापिकाएँ नियमित एवं 04 एक्सटेंशन लेक्चरर कार्यरत है । महाविद्यालय में 2 लिपिक, 1 लैब अटेंडेंट, 1 सुख सहायक, 2 सफाई कर्मचारी, 2 माली, 2 चौकीदार, 1 रेस्टोरर अनुबन्ध पर कार्य कर रहे है। इसी प्रकार महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब के लिए एक कंप्यूटर अनुदेशक व एक लैब अटेडेंट अनुबन्ध पर नियुक्त है।

## विद्यार्थी संख्या एवं संकाय

इस महाविद्यालय के सत्र 2018-19 में 473 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया । इनमे से 160 विद्यार्थी कला संकाय (पास कोर्स) प्रथम वर्ष, 123 बी.ए द्वितीय वर्ष, 126 बी.ए. तृतीय वर्ष तथा 20 विद्यार्थी वाणिज्य संकाय बी.कॉम. प्रथम वर्ष, 22 बी.कॉम. द्वितीय वर्ष, 22 बी.कॉम तृतीय वर्ष, में शिक्षा प्राप्त कर रहें है।

**वार्षिक परीक्षा देने वाले अंतिम वर्ष के छात्रों की संख्या कोर्स अनुसार - बी.ए. तृतीय वर्ष - 125 व बी.कॉम. तृतीय वर्ष - 21 .**

विश्वविद्यालय परीक्षा

महाविद्यालय की मासिक परीक्षा और अन्य विश्वविद्यालय संबन्धित सभी कार्यों हेतु परीक्षा की रजिस्ट्रार श्रीमती किरण चौहान है। विश्वविद्यालय नियम के अनुसार पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा 02/04/2019 को ली गई जिसमे सभी विद्यार्थियों ने इस परीक्षा की अनिवार्यता एवं महत्व को समझते हुए निष्ठापूर्वक भाग लिया । विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2017-18 की परीक्षा परिणाम में धनराज (बी.ए.) ने प्रथम स्थान, प्रिंस (बी.ए.) ने द्वितीय स्थान, रितु (बी.ए.) तृतीय स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय परीक्षाओं में महाविद्यालय के शानदार परीक्षा परिणामों का श्रेय इस महाविद्यालय के अनुभवी एवम परिश्रमी शिक्षकों तथा मेहनती एवम लग्नशील विद्यार्थियों को जाता है।

विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता एवं छात्रवृति

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा समय-2 पर राष्ट्र व राज्य स्तरीय योग्यता, पिछड़े वर्ग व अनुसूचित जाति से संबन्धित, विकलांग तथा छात्राओं को छात्रवृतियाँ प्रदान की जाति है। विशेष उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति तथा बी०पी०ल० (गरीबी रेखा के नीचे) तीनों वर्गों से संबन्धित विद्यार्थियों के लिए – "Consolidated Stipend Scheme for SC, BC, BPL students pursuing Higher education घोषित की गई ।

उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत इस वर्ष महाविद्यालय के अनुसूचित जाति से संबन्धित विद्यार्थियों को 2000 रूपये प्रति छात्र पुस्तकों के लिए तथा 1000 रूपये प्रति माह के हिसाब से प्रति छात्र को स्टाईफंड की एक वर्ष की राशि वितरित की जा रही है।

पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों को सरकार की तरफ से आधार नम्बर के माध्यम से ऑन लाईन प्रणाली के द्वारा छात्रवृति वितरित की जा रही है।

छात्राएँ "अंडर ग्रेजुवेट मैरिट छात्रवृति" के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त राशि 10+2 में टॉपर, महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश पाई हुई 10 छात्राओं को प्रति छात्रा 3000/- रु छात्रवृति प्रदान की गई ।

"मैरिट प्रोत्साहन छात्रवृति" स्कीम के अंतर्गत हरियाणा सरकार से प्राप्त हुई राशि को बी.ए./बी.कॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षा में महाविद्यालय स्तर पर

प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमश 5000/-, 3000/- एवं 2000/- रु की छात्रवृति प्रदान की गई है।

उच्चतर शिक्षा विभाग की राजकीय महाविद्यालय में खेल गतिविधियों की योजना के तहत सत्र 2018-19 में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त की गई खेल उपलब्धियों के आधार पर इस महाविद्यालय के 2 खिलाड़ियों को 6000/- रु प्रति छात्रवृति प्रदान की गई।

'Earn While you Learn' स्कीम के अंतर्गत इस वर्ष 13 विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पुस्तकालय, कार्यालय, भूगोल लैब, मनोविज्ञान लैब व कंप्यूटरलैब में कार्य करने के लिए सरकार के आदेशों के अनुरूप 100/- रु प्रति घंटा प्रदान किये गये।

क्रीडा जगत

सत्र 2018-19 में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया व महाविद्यालय का नाम रोशन किया ।

विद्यार्थियों कि उपलब्धियां इस प्रकार है:-

1. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में 1 से 4 मार्च 2019 को आयोजित अंतर विश्वविद्यालय Grappling प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण पदक प्राप्त किये ।
2. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में 7 से 17 मार्च 2019 को आयोजित अंतर विश्वविद्यालय Quan-kido प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
3. गुलबर्ग विश्वविद्यालय, कर्नाटका में 4 अक्टूबर 2018 को आयोजित अंतर विश्वविद्यालय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में 1 रजत पदक प्राप्त किया।
4. भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित 37वीं सीनियर नेशनल टाई कवांडो प्रतियोगिता में 1 रजत पदक प्राप्त किया।
5. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में 1-2 फरवरी 2019 को आयोजित अंतर कॉलेज Grappling प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण पदक प्राप्त किये ।
6. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में 8-9 अक्टूबर 2018 को आयोजित अंतर कॉलेज weight lifting प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
7. राष्ट्रीय विश्वविद्यालय Athletic प्रतियोगिता में Half-marthon-race में एक छात्र ने भाग लिया।

8. 15 जनवरी 2019 को आयोजित अंतर कॉलेज वुशु प्रतियोगिता में 1 स्वर्ण व 1 कांस्य पदक प्राप्त किया।

9. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर कॉलेज Half-marthon-race और Pole-vault में 2 रजत पदक प्राप्त किए।

10. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर कॉलेज Quan-kido में एक रजत पदक प्राप्त किया।

11. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर कॉलेज Taekwondo प्रतियोगिता में एक रजत पदक प्राप्त किया।

12. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर कॉलेज Boxing प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक प्राप्त किये ।

13. महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में एक रजत व एक कांस्य पदक प्राप्त किये ।

14. महाविद्यालय के छात्र अरुण ने पंजाब विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वुशु प्रतियोगिता में 1 रजत पदक प्राप्त किया ।

15. महाविद्यालय के 2 विद्यार्थियों ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में आयोजित North-zone inter-university Hockey प्रतियोगिता में भाग लिया।

16. 16-17 नवम्बर 2018 को महाविद्यालय की छठी वार्षिक Athletic meet का आयोजन किया जिसमें बी.ए। प्रथम वर्ष के छात्र आशीष को पुरुष वर्ग व बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्र निशा को महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित कर पुरस्कृत किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम

सांस्कृतिक कमेटी के द्वारा 'प्रतिभा खोज' कार्यक्रम का आयोजन 24 अगस्त व 26 अगस्त 2018 को किया गया। इस कमेटी के द्वारा 27 और 28 सितम्बर 2018 को विद्यार्थियों को कन्या महाविद्यालय खरखौदा द्वारा आयोजित शैक्षणिक मेले में भाग लेने के लिए ले जाया गया। विद्यार्थियों ने वहाँ विभिन्न प्रतियोगिता जैसे :- सलाद बनाना , कढ़ाई, अंतर जिला सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी, अंग्रेजी कविता- गायन, अंतर जिला प्रश्नोत्तरी (वाणिज्य व अर्थशास्त्र) विज्ञान, प्रतियोगिता हरियाणवी कविता- गायन, वाद –विवाद आदि में भाग लिया।

विद्यार्थियों के द्वारा आंचलिक युवा –महोत्सव, सोनीपत में भी भाग लिया गया ।इसका आयोजन हिन्दू कॉलेज सोनीपत द्वारा 28,29 और 30 अक्टूबर को किया गया था। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं  जैसे- संगीत, भजन, मुक नाटक, कविता गायन (हिन्दी, अंग्रजी, हरियाणवी)  चित्रकारी, कार्टून, एकल नृत्य, चित्र बनाना, प्रश्नोत्तरी आदि में जोश के साथ भाग लिया।

महाविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम "रस तंरगिनी"  का आयोजन 18-19 जनवरी 2019 को किया गया। इस रस तंरगिनी  में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अनेक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन द्वारा विद्यार्थियों को अपने संस्कृति के नजदीक लाने का प्रयास किया। प्रदेश की संस्कृति पर आधारित ललित कला की आठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई- बिजना बनाना, फुलझड़ी बनाना, माँड़ना, मिट्टी बनाना, मेहंदी, पाक कला, पीढा भरना,  खिलौने  बनाना, इसके अतिरिक्त गायन प्रतियोगिता, मूक नाटक, लघु हास्य नाटिका व एकल नृत्य प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर  डॉ सरोज मलिक प्राचार्या ताऊ देवी लाल राजकीय कन्या महाविद्यालय, मुरथल मुख्य अतिथि रही व उन्होने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

राष्ट्रीय  सेवा योजना

हमारे महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की एक इकाई है जिसका उदेश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों में सेवा, त्याग, कर्तव्य पूर्ति, अनुशासन, राष्ट्र भक्ति एवं परोपकार जैसे सदगुणो का विकास करना है। कार्यरत यूनिट -1 की प्रभारी डॉ योगेश बाजवान है।

सत्र 2018-19 के दौरान स्वयं सेवकों ने विभिन्न प्रकार के सामाजिक विषयों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया  जैसे पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय सदभावना दिवस, राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस समारोह, मतदान जागरूकता अभियान, सड़क सुरक्षा, अन्तरराष्ट्रीय योगा दिवस, अन्तरराष्ट्रीय युवा दिवस, Gender sensitization इत्यादि। इस का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को समाज के प्रति कर्तव्य परायणतो  को जागरूक करना था।

11 अगस्त 2018 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक दिवसीय HIV/AIDS पर आयोजित कार्यशाला में स्वयं सेवको ने हिस्सा लिया। 19 सितंबर 2018 को महर्षि  दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित Declamation प्रतियोगिता "राष्ट्र निर्माण में युवाओं की  भूमिका" विषय पर भी स्वंय सेवक प्रतिभागी रहे। 2 अक्टूबर 2018 को  महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित गाँधी जी एवम श्री लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित भाषण, मेहंदी, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता में पाँच स्वयंसेवको  ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । 4 नवम्बर 2018 को एक दिवसीय कैंप का आयोजन

किया गया जिसमे विद्यार्थियों को रक्त दान के लिए प्रोत्साहित किया गया। 5 नवम्बर 2018 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। 16 फरवरी 2019 को महाविद्यालय एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुमन दहिया के सानिध्य में 22 मार्च से 28 मार्च 2019 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन रामपुर गाँव में किया। शिविर के दौरान ने स्वयंसेवको गंदी बस्ती में जा कर स्थानीय निवासियों को 'कन्या भ्रूण हत्या' 'बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ' एवम स्वच्छता विषयों पर नुक्कड़ नाटक एवम रैली के मध्यम से लोगो को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक किया। शिविर के दौरान डॉ विनोद मलिक द्वारा " Health & Hygiene" विषय पर, कविता रानी द्वारा "हमारे अधिकार एवम कर्तव्य"विषय पर डॉ अनीता राणा द्वारा स्वच्छता विषय पर श्रीमती मधुलता ने "start up India :- How Innovative ideas assisting social service" विषय पर , पूर्व प्राचार्य डॉ आर. एस. बेनीवाल द्वारा 'व्यक्तित्व निर्माण' पर तथा कुमारी मीनू द्वारा 'योगा एवम ध्यान' विषय पर, सब-इंस्पेक्टर श्री सतीश बाजवान द्वारा यातायात के नियमों व दुर्गा शक्ति एप विषय पर, डॉ मंजु रानी द्वारा गाँधी जी के विचारो एवम आदर्शो से स्वम सेवको को उपयोगी जानकारी दी शिविर के दौरान ही बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा भावना ने ब्यूटी पार्लर तथा मेंहदी के गुर सिखाए। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा शीना ने खाना बनाना सिखाया। इसी तरह सभी एवम सेवकों ने अपने विचार सांझा किए। शिविर के अंतिम दिन स्वय सेवको द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ताऊ देवीलाल महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सरोज मालिक ने स्वय सेवको को प्रोत्साहित किया और बताया की बेटियाँ ही इस धरा की धुरी है, देश के विकास के लिए बेटी को शिक्षित एवम विकसित करना आवश्यक है। इस शिविर में शीना बी.ए. द्वितीय वर्ष व आशीष कुमार बी.ए. तृतीय वर्ष को सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय सेवा योजना का खिताब दिया गया।

स्वच्छ भारत इंटर्नशिप योजना (एस.बी.आई.एस.)

स्वच्छ भारत इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत 41 विधाथियों का पंजीकरण किया गया। प्रत्येक विधार्थी ने 100 घंटे निम्नलिखित गतिविधियों द्वारा विभिन्न गावों मे जा कर कार्य किया । इस अवधि के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यो का विवरण इस प्रकार है :-

1 घर- घर जा कर स्वचछता जागरूकता अभियान के बारे मे प्रचार किया

2 सुबह – शाम खेती व खुली जगहो पर जा कर सर्वे किया व लोगो को खुले मे शौच न जाने के लिए अभिप्रेरित व प्रशिक्षित किया

3 विभिन्न गावों मे स्वच्छता जागरूकता के प्रचार संबन्धित रेली निकली गई

4 विभिन्न गावों मे स्वच्छता जागरूकता के बारे मे वृत्तचित्र दिखाई गई तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे – नुक्कड़ नाटक हरियाणवी स्किट तथा गीतों के द्वारा लोगो को स्वच्छता का महत्व बताया व जागरूक किया

5 विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर व चित्रकला भी बनाए गए जिन्हे रैली के दौरान द्शार्य गया

इस दौरान तीन सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का चयन किया गया।

महिला प्रकोष्ट

महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ट की प्रभारी श्रीमती किरन सरोहा जी के नेतृत्व में महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण और जीवन के विभिन्न पहलूओं में महिलाओं की समान भागीदारी की जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी निम्न प्रकार है:-

1. छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप के महत्व के बारे में बताया गया। छात्राओं के दुर्गा शक्ति एप का प्रयोग करना तथा मुसीबत के समय में इसकी उपयोगिता के बारे में जागरूक किया गया।

2. महाविद्यालय में 23/08/18 से 25/08/2018 तक रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस त्रिदिवसीय आयोजन के अंतर्गत 23 अगस्त को दो प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनका शीर्षक क्रमश 'नारा लेखन प्रतियोगिताएँ व बिंदास बोल' था। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य भाव ही महिला सशक्तिकरण और समानता था। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया। 24 अगस्त 2018 को आयोजन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के बारे में रैली निकली और जागरूकता फैलने के लिए विद्यार्थियों ने पड़ोस के गांवों में महिला सशक्तिकरण के बारे में नारों के द्वारा लोगो को जागरूक किया। रक्षा बंधन पर्व आयोजन के अंतिम दिन 25 अगस्त 2018 को विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ विभिन्न क्रिया कलापों में भाग लिया। इस दिन छात्रों ने महिला सुरक्षा का प्रण लिया व अपने जीवन में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना रखने का विचार अपनाया।

3. महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ट के द्वारा 'आत्म-सुरक्षा' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत छात्राओं को आत्म सुरक्षा के तरीकों तथा इसकी आवश्यकता के बारे में अवगत कराया गया।

4. महाविद्यालय में 4 अक्टूबर 2018 को महिला प्रकोष्ट द्वारा महिला सशक्तिकरण पर चर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. ऋतु तोमर राठी जी ने अपने विचार व्यक्त किए व विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण के विषय में जानकारी दी।

5. महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ट द्वारा बारह दिवसीय पाक कला प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनवरी तथा फरवरी माह के दौरान होटल मैनेजमेंट विभाग (कन्या महाविद्यालय, खरखौदा) में किया गया।

6. महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ट के दो विद्यार्थियों ने अंतर महाविद्यालय भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसका आयोजन महिला प्रकोष्ट 'छोटू राम आर्य महाविद्यालय, सोनीपत द्वारा महिला दिवस 8 मार्च के उपलक्ष्य में किया गया था।

7. महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक जागरूकता शिविर का आयोजन श्री मनोज कुमार, एडवोकेट तथा श्री विनोद एवं महिला प्रकोष्ट के सदस्यों द्वारा किया गया।

यूथ रेड क्रॉस

यूथ रेड क्रॉस में 5 नवम्बर 2018 एक रक्तदान शिविर का महविद्यालय मे यूथ रेड क्रॉस द्वारा आयोजन किया गया । यूथ रेड क्रॉस के दस स्वंयसेवकों व counselor डॉ° रश्मि सरोहा ने 12 फरवरी से 16 फरवरी तक कन्या महाविधालय सोनीपत में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिग कैंम्प में भाग लिया जिसमें महाविधालय ने बेस्ट टीम की ट्रॉफी जीती । प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया व कापी राइटिंग में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया । यूथ रेड क्रॉस के 19 स्वंयसेवकों व counselor श्रीमती मधुलता ने 26 फरवरी 2019 महर्षि दयानन्द विश्वविधालय रोहतक में आयोजित एक दिवसीय Health and Hygiene Workshop में बढ़चढ़ कर भाग लिया ।

महत्वपूर्ण दिवस आयोजन

सत्र 2018-19 में महत्वपूर्ण दिवस आयोजन की प्रभारी श्रीमती मधुलता रही । 15 अगस्त 2018 को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में प्राचार्य जयपाल कौशिक के द्वारा झण्डा फहराया गया और विद्यार्थियों ने देशभक्ति कविता, गीत व भाषण प्रस्तुत किये। शिक्षकवर्ग ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए स्वन्त्रता दिवस की बधाई

दी। 20 अगस्त 2018 को सदभावना दिवस मनाया गया। गांधी जी के 150 वां जन्म दिवस पर विद्यार्थियों ने भजन गान किया। 12 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व तथा उनके द्वारा दी गई शिक्षा के बारे में अवगत कराया गया। दिनांक 26 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविता व भाषण प्रस्तुत किये। प्राचार्या व शहीद दलबीर सिंह की धर्मपत्नी महोदया ने झण्डा फहराया व सभी को इस पर्व की बधाई दी व शिक्षक वर्ग ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया । दिनांक 30 जनवरी 2019 को राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में श्रद्धांजलि अर्पित करके समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा प्रातः 11 बजे मौन धारण किया गया। इस प्रकार वर्ष भर महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन कारवाया गया।

प्लेसमैंट सैल

शैक्षणिक सत्र 2018-19 में ताऊ देवी लाल राजकीय महाविद्यालय मुरथल सोनीपत में आयोजित रोजगार मेले में 6 विद्यार्थियों ने विभिन्न कम्पनियों में नौकरी हासिल की।

बर्सर

श्री विक्रम प्राध्यापक वाणिज्य विभाग इस महाविद्यालय के बर्सर है जो इस कर्त्तव्य को निष्ठापूर्वक निभा रहे है।

आर.टी.आई.

महाविद्यालय में RTI Act 2005 के तहत जानकारी उपलब्ध कराने के लिए श्रीमती किरण सरोहा Information officer एवं श्री संदीप information क्लर्क के पद पर कार्यरत है। 1st Appellate अधिकारी डॉ सुमन दहिया, प्राचार्या है।

IQAC

UGC के निर्देशानुसार महविद्यालय में एक ‘Internal Quality Assurance Cell” का गठन किया गया है जिसमें श्रीमती किरण सरोहा , श्रीमती किरण चौहान, श्री दिनेश कुमार एंव डॉ॰ योगश बजवान शामिल है।

NAAC

हमारे महाविद्यालय में NAAC की कमेटी गठित की गई है जिसके सदस्य श्रीमती किरण चौहान प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग व श्रीमती मधुलता प्राध्यापिका वाणिज्य, डॉ रश्मि सरोहा प्राध्यापिका मनोविज्ञान, श्रीमती राजनीश कुमारी प्राध्यापिका इंग्लिश है।

पुस्तकालय

पुस्तकालय विद्यार्थी तथा शिक्षकों के ज्ञानार्जन व आत्म-विश्वास का सर्वोत्म स्थान है। इसके महत्व एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में हर प्रकार की सुविधा से युक्त एक आधुनिक पुस्तकालय भवन है जिसमें एक समय में लगभग 30 विद्यार्थियों के बैठने की सुविधा है। यहाँ विभिन्न विषयों से संबधित 1550 पुस्तकें है। आधुनिक युग प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा का युग है। इस ध्येय को सामने रखते हुए समसायायिक घटनाओं की जानकारी व सामान्य ज्ञान में वृद्धि के लिए पुस्तकालय में अंग्रेजी व हिन्दी में 7 समाचार-पत्र तथा 3 पत्रिकाएँ मँगवाई जाती है।

मतदाता पहचान पत्र

श्री दिनेश कुमार, प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा व श्रीमती किरण चौहान प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने नोडल आधिकारी की हैसियत से 18 वर्ष पूर्ण चुके छात्र एवं छात्राओं की वोट बनवाने का कार्य सफलतापूर्वक किया .

विधि साक्षरता प्रकोष्ठ

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न जिला स्तरीय विधि साक्षरता प्रकोष्ठ प्रतियोगिताओं में भाग लिया व 'स्वच्छ भारत' पर आधारित नाटक में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कम्प्यूटर शिक्षा

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में 2 कम्प्यूटर लैब स्थापित है एक लैब में 26 तथा दूसरी में 10 कम्प्यूटर है। एक लैब में इंटरनेट सुविधा है। एम.डी.यू. के तहत महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा दी जा रही है। श्री राजेश कुमार कम्प्यूटर प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत है। इस शिक्षा के लिये विद्यार्थियों को थ्योरी व प्रक्टिकल देना अनिवार्य है। जिसके उपरान्त A+ से D तक की ग्रेडिंग दी जाती है। हमारे पास एक लैब में प्रोजेक्टर की सुविधा भी उपलब्ध है।

विभागीय गतिविधियों

1. वाणिज्य विभाग :- वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने 28 सितंबर 2018 को कन्या महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। वाणिज्य विभाग की छात्रा छवि ने हिन्दू कॉलेज सोनीपत में आयोजित जिला स्तरीय लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

2. मनोविज्ञान विभाग :- के विद्यार्थियों ने 28 सितंबर 2018 को कन्या महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।

3. रक्षा अध्ययन विभाग :- 09 मार्च 2019 को महाविद्यालय में रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दस महाविद्यालयों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया जिसमें महाविद्यालय की टिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । 3 अप्रैल 2019 को रक्षा अध्ययन विभाग के छात्रों को सर्जिकल स्ट्राइक की वृतचित्र दिखाई गई जो कि उरी आंतकी हमले के जवाब में हुई भारतीय सेना की सैन्य कार्यवाही पर आधारित है 04 अप्रैल 2019 को रक्षा अध्ययन विभाग में एक दिवसीय प्रयोगिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे Commanding Officer 12 Har Bn NCC Sonipat COl.K. Balaji ने छात्रों को अहम प्रयोगिक जानकारी दी।

4. भूगोल विभाग :- भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने 5 फरवरी 2019 को राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में आयोजित अंतर कॉलेज भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।

5. हिन्दी विभाग में 14 सितम्बर 2018 को हिन्दी दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है इसके बारे में जानकारी दी गई। All India Essay writing Competition में दो विद्यार्थियों को चुना गया। डॉ सुनीता को भी इस अवसर पर अच्छे समन्वयक का प्रमाण पत्र मिला।

व्यक्तिगत उपलब्धियां

1. श्रीमती किरण सरोहा, प्राध्यापिका, इतिहास विभाग ने ओ० पी० जिंदल विश्वविद्यालय में 18-19 नवम्बर 2018 को आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन “Promoting culture of excellence in universities : Role of rankings and bench marking” में भाग लिया । इनको शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रुचि, उत्साह व उच्च कोटि की जनहित सेवाओं के लिए उपमण्डल प्रशासन खरखौदा द्वारा 26 जानवरी 2019 को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इन्होने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर CRA कॉलेज सोनीपत में आयोजित अंतर कॉलेज भाषण प्रतियोगिता में जज की भूमिका निभाई।

2. श्रीमती किरण चौहान , प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग ने 20 नवम्बर 2018 से 11 दिसंबर तक refreshe’r course किया। इन्होने 2 मार्च 2019 को हिन्दू कॉलेज सोनीपत में आयोजित National seminar “Emerging Issues in Indian economy” में एक शोध पत्र “A complete study of Entrepreneurships need of Innovative Ideas for a

successful entrepreneur " प्रस्तुत किया । इन्होंने 7 मार्च 2019 को कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार "Contemporary Issues in Commerce" में एक शोध पत्र "Social Media Marketing" प्रस्तुत किया।

3. श्री दिनेश ,प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा विभाग को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रुचि, उत्साह व उच्चकोटी की जनहित सेवाओं के लिए उपमण्डल प्रशासन खरखौदा द्वारा 26 जनवरी 2019 को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

4. योगेश बजवान, प्राध्यापिका, रक्षा अध्ययन 23 फरवरी 2019 को ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल सोनीपत में मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक द्विसीय राष्ट्रीय व्याख्यान में शोध पत्र प्रस्तुत किया। 18 से 17 मार्च को मेरठ कॉलेज में रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमे इन्होने शोध पत्र प्रस्तुत किया।

5. श्रीमती गीता शर्मा, प्राध्यापिका, मनोविज्ञान विभाग ने दीन दयाल उपाध्य गौरखपुर विश्वविद्यालय, गौरखपुर के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 15-16 सितंबर 2018 को आयोजित National seminar में एक शोध पत्र "Mental Health and well-being among youth people" प्रस्तुत किया।

6. श्री विक्रम, प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग ने 2 मार्च 2019 को हिन्दू कॉलेज सोनीपत में आयोजित National seminar "Emerging Issues in Indian economy" में एक शोध पत्र "A complete study of Entrepreneurshipe need of Innovative Ideas for a successful entrepreneur " प्रस्तुत किया । इन्होंने 7 मार्च 2019 को कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार "Contemporary Issues in Commerce" में एक शोध पत्र "Social Media Marketing" प्रस्तुत किया

7. श्रीमती मधुलता, प्राध्यापिका, वाणिज्य विभाग ने 7 मार्च 2019 को कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में शोध-पत्र प्रस्तुत किया। इन्होने 26 फरवरी 2019 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में Health and Hygiene विषय पर आयोजित Workshop में भाग लिया । इन्होंने SUPVA, रोहतक में आयोजित Digital Learning Workshop में भाग लिया। इन्होंने 28 सितंबर 2018 को कन्या महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय Computer Poweer Point Presentation प्रतियोगिता में जज की भूमिका निभाई । इन्होंने 07/06/2018 से 04/07/2018 तक GJUST हिसार में orientation course पूरा किया।

8. डॉ रश्मि सरोहा, प्राध्यापिका, मनोविज्ञान विभाग ने चीन की राजधानी बीजिंग में स्थित शिंघुआ विश्वविद्यालय में APCDA द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दो शोध पत्र प्रस्तुत किए व APCDA द्वारा विश्वभर में दी गई 5 Emerging Leader Scholarship में से एक प्राप्त की। इन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के दौलत राम कॉलेज में आयोजित सात दिवसीय Faculty development programme में भाग लिया। इन्होंने 07/06/2018 से 04/07/2018 तक GJUST हिसार में orientation course पूरा किया। इन्होंने ओ० पी० जिंदल विश्वविद्यालय में 18-19 नवम्बर 2018 को आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन "Promoting culture of excellence in universities : Role of rankings and Benchmarking" में भाग लिया । इन्होंने 28 सितंबर 2018 को कन्या महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में जज की भूमिका निभाई । इन्होंने 30 नवम्बर 2018 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतकमें आयोजित एक-दिवसीय NAAC workshop में भाग लिया। इन्होंने 12 से 16 फरवरी 2019 को GVM कन्या महाविद्यालय सोनीपत में जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैम्प में भाग लिया जिसमे महाविद्यालय ने Best Team की ट्रॉफी जीती। इन्होंने23 फरवरी 2019 को ताऊ देवी लाल राजकीय कन्या महाविद्यालय मुरथल में आयोजित National seminar में Scientific Committee के सदस्य की भूमिका निभाई । इसी national seminar में ये एक टेक्निकल सत्र की अध्यक्षरही व एक शोध-पत्र भी प्रस्तुत किया।

9. श्रीमती रेखा, प्राध्यापिका, मनोविज्ञान विभाग ने 14 से 16 फरवरी 2019 को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन मे एक शोध-पत्र प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक " Effect of eating behavior and BMI on planning and cognitive flexibility among adolescents" था।

10. श्रीमती रवीना, प्राध्यापिका, अर्थशास्त्र विभाग ने 2 मार्च 2019 को हिन्दू कॉलेज में आयोजित National seminar में एक शोध पत्र "Recent Challenges in Indian Economy" प्रस्तुत किया। इन्होंने 7 मार्च 2019 को कन्या महाविद्यालय सम्मेलन में एक शोध पत्र "Role of SHG s in Rural Women Empowerment" प्रस्तुत किया। इन्होंने11-12 मार्च 2019 महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एक शोध पत्र "Role of Education in Economic Development" प्रस्तुत किया।

11. श्री भरत लाठर, प्राध्यापक, रक्षा अध्ययन विभाग 23 फरवरी 2019 को ताऊ देवीलाल राजकीय महाविद्यालय मुरथल सोनीपत में मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान में शोध पत्र प्रस्तुत किया। 17 से 18 मार्च को मेरठ कॉलेज मेरठ

में रक्षा अध्ययन  विभाग द्वारा दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमे शोध-पत्र प्रस्तुत किया ।

12. डॉ  मंदीप, प्राध्यापिका, गणित विभाग, ने 23 फरवरी 2019  को हिन्दू कॉलेज सोनीपत  में आयोजित National seminar "Mathematical Modeling, Optimization and scientific competing" (MOSC-2019) में एक शोध-पत्र "Generation of tricorns and Multicorns via Mathematica software" प्रस्तुत किया।

13. श्री बलराम वर्मा (लिपिक):- को शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रुचि, उत्साह व उच्चकोटी की जनहित सेवाओं के लिए उपमण्डल प्रशासन खरखौदा द्वारा 26 जनवरी 2019 को प्रशस्ति  पत्र प्रदान किया गया।

हमारी आवश्यकताएँ

किसी भी गीतिशील संस्था के विसका के लिए आवश्यकताओं का होने स्वाभाविक है। अतः हमारी भी कुछ आवश्यकताएँ है जो में आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ:-

1. विद्यार्थियों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए। हमारे महाविद्यालय के कला संकाय में 80 सीटों की एक और यूनिट की आवश्यकता है।

2. विज्ञान की शिक्षा सम्पूर्ण शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। महाविद्यालय  में विज्ञान संकाय के न होने से आस पास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को या तो विज्ञान शिक्षा  प्राप्त करने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता है या उससे वंचित रहना पड़ता है। अतः हुमरे महाविद्यालय को विज्ञान संकाय की अति महत्वपूर्ण आवश्यकता है जिससे आस पास के विद्यार्थियों को विज्ञान में उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने का  सुनहरा अवसर मिल सके।

3. मीडिया के बढ़ते हुए चलन को ध्यान में रखते हुए Bachelor of Journalism & Mass communication (BJMC) कोर्स को आरम्भ करना भी महाविद्यालय की एक मुख्य आवश्यकता है।

4. स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है । इस बात को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में खेल के मैदान की आवश्यकता है।

5. महाविद्यालय में छादित पार्किंग की आवश्यकता है।

आभार

1. मैं उपायुक्त सोनीपत, अतिरिक्त – उपायुक्त सोनीपत तथा उपमण्डल अधिकारी खरखौदा का आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने माहविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति के प्रति रुचि दिखाकर सहयोग प्रदान किया।

2. मैं पुलिस अधीक्षक सोनीपत तथा उप-पुलिस अधीक्षक खरखौदा की आभारी हूँ जिन्होंने महाविद्यालय में आवश्यकता पड़ने पर पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

3. मैं कार्यकारी अभियन्ता भवन निर्माण, विधुत विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगरपालिका प्रधान की आभरी हूँ जिन्होंने महाविद्यालय की समय-समय पर सहायता की है।

4. मैं महाविद्यालय के सभी शिक्षकों तथा कर्मचारी वर्ग की भी आभरी हूँ जिन्होंने अपने कठोर परिश्रम, लगन व योग्यता से इस समरोह को सफल बनाया तथा महाविद्यालय के उच्चस्तरीय विकास में सहयोग देकर महाविद्यालय को आदर्श शिक्षण संस्थान में परिवर्तित किया।

5. मैं अपने विद्यार्थियों की भी आभरी हूँ जिन्होंने हर अवसर पर अनुशासित रह कर एक मिसाल कायम की है।

6. मैं विशेष रूप से वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए प्राध्यापिका डॉ रश्मि सरोहा मनोविज्ञान विभाग, एवं क्लर्क श्री संदीप का भी हार्दिक धन्यवाद करती हूँ।

7. अंत में मै वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ वीरेन्द्र , जटोली हेली मण्डी , गुरुग्राम का हार्दिक आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अत्यन्त व्यस्त होते हुए भी हमारी प्रार्थना स्वीकार कर इस समारोह को सुशोभित किया।

इसके अतिरिक्त मै आज के इस समारोह मै उपस्थित सभी गणमान्य के प्रति अतिथियों, सभी छायाकार, पत्रकार बंधुओं एवं खरखौदा नागरिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करती हूँ जिन्होंने यहाँ पधार कर हमें धन्य किया।

डॉ सुमन दहिया, प्राचार्या
एस.डी.एस राजकीय महाविद्यालय
खरखौदा (सोनीपत)